Daily COVID-19 Updates

25 June, 2020




COVID-19 Tracker
As on 25th June, till 8 AM
Confirmed Cases
473,105
(▲16,922)
Active Cases
186,514
(▲3,492)
Cured*
271,697
(▲13,012)
Deaths
14,894
(▲418)
No. of Cases
0 - 500
501 - 2000
2001 - 10000
10001 - 20000
20000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (3000+)
MAHARASHTRA 142,900 (▲3890)
DELHI 70,390 (▲3788)
TAMIL NADU 67,468 (▲2865)
GUJARAT 28,943 (▲572)
UTTAR PRADESH 19,557 (▲664)
RAJASTHAN 16,009 (▲382)
WEST BENGAL 15,173 (▲445)
MADHYA PRADESH 12,448 (▲187)
HARYANA 12,010 (▲490)
TELANGANA 10,444 (▲891)
ANDHRA PRADESH 10,331 (▲329)
KARNATAKA 10,118 (▲397)
BIHAR 8,209 (▲56)
JAMMU & KASHMIR 6,422 (▲186)
ASSAM 6,198 (▲367)
ODISHA 5,752 (▲282)
PUNJAB 4,627 (▲230)
KERALA 3,603 (▲152)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
73,792
6,739
41,437
2,365
37,763
866
21,088
1,735
12,586
596
12,611
375
9,702
591
9,473
534
6,925
188
4,361
225
4,779
124
6,151
164
6,113
57
3,818
88
3,958
9
4,123
17
3,099
113
1,888
22
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

कोरोना महामारी के उपरांत श्रमिकों के लिए वरदान साबित होगा 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान'

कोविड-19 महामारी का सामान्य कामगारों, विशेषकर प्रवासी श्रमिकों को बुनियादी सुविधाएं एवं आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के क्रम में मोदी सरकार ने विभिन्न सेक्टरों में विकास को नई गति प्रदान करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की। देश के पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी ढांचागत सुविधाएं तैयार करने पर विशेष जोर देते हुए रोजगार सृजन के लिए 20 जून, 2020 को 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ किया गया।

उत्तर प्रदेश में लगभग 30 लाख प्रवासी श्रमिक अपने-अपने घर वापस लौट चुके हैं। उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में 25,000 से भी अधिक प्रवासी श्रमिक अपने घर वापस आ चुके हैं। इनमें 5 आकांक्षी जिले भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार ने उद्योग और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए एक अनूठी पहल 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान' की परिकल्पना की है जिसके तहत भारत सरकार और राज्य सरकार के कार्यक्रमों में सामंजस्य स्थापित किया गया है। यह अभियान रोजगार प्रदान करने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए औद्योगिक संघों और अन्य संगठनों के साथ साझेदारी करने पर विशेष रूप से केंद्रित है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 26 जून, 2020 को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संबंधित मंत्रालयों के मंत्री भी वर्चुअल लॉन्चिंग में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के छह जिलों के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी बनाए रखने के मानदंडों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के गांवों के लोग साझा सेवा केंद्रों (कॉमन सर्विस सेंटर) और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

Positive India:

1. Corona medicine update: दिल्ली, महाराष्ट्र सहित इन राज्यों को मिली कोरोना की दवा, जानें- क्या है कीमत- https://www.jagran.com/news/national-covid-19-states-being-delivered-generic-version-of-remdesivir-costing-rs-5400-per-injection-20435217.html

2. देश में कोरोना वायरस के 2 लाख 71 हजार से ज्यादा मरीज हुए ठीक, रिकवरी रेट 57.43 फीसद- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-news-updates-more-than-2-lakh-71-thousand-patients-of-coronavirus-cure-recovery-rate-57-percent-20435230.html

3. Coronavirus in Assam: राज्य में 6300 से ज्यादा मामलों की पुष्टि, रिकवरी रेट 63 फीसद- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-assam-cases-tally-climbs-to-6300-recovery-rate-remains-at-63-percent-20435180.html

4. Coronavirus ने छुड़वाई थी नौकरी, अब खुद आत्मनिर्भर बन दूसरों को भी दे रहे रोजगार- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-had-rescued-job-now-becoming-self-sufficient-giving-employment-to-others-too-jagran-special-20434814.html

5. कोरोना काल में नहीं होगी ब्लड की कमी, स्वास्थ्य मंत्री ने लॉन्च किया 'eBlood Services App'- https://www.jagran.com/news/national-health-minister-dr-harsh-vardhan-launches-eblood-services-app-20435076.html

6. तिरुवनंतपुरम में कोरोना टेस्ट करने की नई योजना,संक्रमितों के स्रोत का आसानी से चलेगा पता- https://www.jagran.com/news/national-

thiruvananthapuram-to-introduce-area-specific-random-covid19-testing-20434966.html

7. India Coronavirus News Updates: देश में कोरोना के रिकॉर्ड 16,922 मामले, 24 घंटे में 13 हजार लोग हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-updates-highest-spike-of-16922-new-coronavirus-cases-in-last-24-hours-in-india-20434730.html

8. LIVE India Coronavirus Updates: देश में 56.71 फीसद मरीज हुए स्वस्थ, 2.71 लाख को अस्पताल से मिली छुट्टी- https://www.jagran.com/news/national-live-india-coronavirus-updates-56-percent-patients-recovered-from-coronavirus-20434531.html

9. Indian Railways की एक और बड़ी पहल, कोरोना संकट में खाली नहीं बैठेंगे मजदूर; अब रेलवे देगा काम- https://www.jagran.com/news/national-migrant-workers-not-sit-vacant-in-corona-crisis-another-major-initiative-of-indian-railways-gives-job-20431825.html

10. कोरोना के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिल्ली के मंदिरों की मदद को आगे आई विहिप, पुजारियों को दे रही धन और राशन- https://www.livehindustan.com/ncr/story-vhp-is-helping-one-thousand-temples-of-delhi-which-are-facing-financial-crisis-due-to-coronavirus-3304733.html

11. 65000 आशा कर्मियों के वेतन में हो सकती है 2000 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोतरी- https://www.livehindustan.com/career/story-salary-of-65000-asha-workers-can-be-increased-by-rs-2000-per-month-in-maharashtra-3304702.html

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24 घंटों में COVID19 के सर्वाधिक 16,922 नए मामले सामने आए हैं और 418 मौतें हुई हैं। कुल पॉजिटिव केस की संख्या 4,73,105 है जिसमें 1,86,514 सक्रिय मामले, 2,71,697 ठीक / डिस्चार्ज / माइग्रेट और 14,894 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- 24 जून तक 75,60,782 सैंपल का टेस्ट किया गया। पिछले 24 घंटों में 2,07,871 सैंपल टेस्ट किए गए : भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- केरल में एक दिन में अब तक सबसे अधिक 152 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। यह लगातार छठवां दिन है कि केरल में 100 से अधिक मामले दर्ज़ किए गए हैं। राज्य में अब तक कुल 3603 मामले हैं जिनमें से 1691 सक्रिय हैं: मुख्यमंत्री पिनराई विजयन

- COVID19 मामलों की संख्या हिमाचल प्रदेश में 778 हो गई है, जिनमें से 318 मामले सक्रिय हैं। अब तक इस बीमारी के कारण छह लोगों की मौत हो चुकी है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- उत्तराखंड में COVID19 के 33 नए मामले सामने आए हैं,सक्रिय मामलों की कुल संख्या 863 है। कोरोना से मरने वालों की संख्या 35 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- चंडीगढ़ में आज दो नए पॉजिटिव केस रिपोर्ट करने के बाद कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 420 हो गई जिसमें कुल एक्टिव केस 92 और 6 मौतें शामिल हैं: चंडीगढ़ स्वास्थ्य विभाग

- पतंजलि के कोरोना की दवा बनाने के दावे पर केंद्रीय आयुष मंत्रालय के रिपोर्ट मांगने के बाद उत्तराखंड सरकार के आयुर्वेद विभाग ने पतंजलि के दावों को गलत बताते हुए नोटिस जारी किया है: वाई.एस. रावत, लाइसेंस ऑफिसर उत्तराखंड आयुर्वेद विभाग

- पिछले 24 घंटों में आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के 497 नए मामले सामने आए हैं और 10 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 10,331 है जिसमें 5,423 सक्रिय मामले, 129 मौतें और 4,779 डिस्चार्ज हो चुके मामले शामिल हैं: राज्य कमांड कंट्रोल रूम

- देश में एक दिन में दो लाख से अधिक कोरोना की जांच। कोविड19 से स्वस्थ होने की दर 56 दशमलव सात-शून्य प्रतिशत हुई।

- पश्चिम बंगाल सरकार ने लॉकडाउन को 31 जुलाई तक बढ़ाया।

- बेंगलुरु में COVID19 मामले बढ़ रहे हैं। इसके मद्देनज़र हमने बेंगलुरु के कुछ इलाकों को सील कर दिया है।आज हमने मंत्रियों और अधिकारियों की बैठक बुलाई है जहाँ आगे की स्थिति को संभालने पर चर्चा की जाएगी।हमने कोविड मरीज़ो के इलाज के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था की है:कर्नाटक CM

- पिछले 24 घंटों में 3 पुलिस कर्मियों की मौतें हुई हैं, कुल 54मौतें हुई हैं। अब तक 3239 पुलिस कर्मी ठीक हो चुके हैं और 991 का इलाज चल रहा है: महाराष्ट्र पुलिस

- ओडिशा में 210 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5962 हो गई है, जिसमें से 1815 सक्रिय मामले हैं और 4123 ठीक हो चुके मामले हैं: ओडिशा स्वास्थ्य विभाग

- राजस्थान में आज सुबह 10:30 बजे तक 76 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 16085 है जिसमें 12646 ठीक मामले, 3064 सक्रिय मामले और 375 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

COVID-19 Updates (Worldwide):

- IMF projects global economy to shrink by 4.9% this year over COVID-19.
- Immunization dropped 49 percent in April due to COVID19 pandemic in Bangladesh: UNICEF.
- India's economy projected to decline by 4.5% this year: International Monetary Fund
- The number of new coronavirus infections in the United States is approaching record daily levels with more than 35,900 cases recorded in the past 24 hours, according to a tally by Johns Hopkins University.
- UAE reports 450 new cases of Covid-19, with 702 new recoveries, taking the tally of cases to 46,133.
- UAE starts phase III of the clinical trials of COVID-19 vaccine.
- World Health Organization warns that the number of Covid-19 cases will touch 1 crore mark within the next week. Mike Ryan, executive director of the WHO’s emergencies program, said many countries in North, South & Central America, are still suffering sustained community transmission.
- Australia's Qantas Airlines cuts 6,000 jobs over COVID impact.

कोरोना महामारी ने बता दिया कि अगर हम प्रकृति की रक्षा करें तो वह भी हमारी रक्षा करती है

हाल में खबर आई कि उत्तर प्रदेश में बारिश से पहले सूख चुकी नदियों को जीवित किया जाएगा। सई, पांडु, मंदाकिनी, वरुणा, सोन, काली, ईशान, बूढ़ी गंगा समेत 19 नदियों में मनरेगा के तहत मजदूरों को काम दिया जाएगा। इससे शहरों से लौटे मजदूरों को काम भी मिलेगा और नदियों के जीवित होने से इलाके में पानी की कमी भी पूरी होगी। इन नदियों को साफ कर पानी को इकट्ठा करने के लिए बांध भी बनाने की योजना है। ये नदियां अगर जीवित हो उठीं तो पानी की कमी के कारण लोगों को जो मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं वे तो दूर होंगी ही, फसलों, पेड़, पौधों, पशुओं, पक्षियों सबका भला होगा। अगर यह योजना सफल हुई तो क्या पता कि अन्य नदियों को जीवन देने की भी मुहिम पूरे देश में चल पड़े। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि बारिश का जो पानी यूं ही व्यर्थ हो जाता है, वह देश भर की नदियों में जमा हो और साल भर काम आए। नदियों के अलावा पानी के हमारे जो पारंपरिक स्नोत हैं जैसे तालाब, पोखर, बावड़ियां और कुएं आदि को भी नया जीवन दिया जाना चाहिए। विकास की तथाकथित आंधी में पानी इकट्ठा करने के तमाम स्नोत नष्ट हो गए हैं, लेकिन अब भी बहुत से बाकी हैं। जल स्नोतों को जीवित करने में सिर्फ सरकार ही नहीं, लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो, क्योंकि लोग जिस काम को पूरा करते हैं उसका रख-रखाव भी पूरी जिम्मेदारी से करते हैं। अपने जलस्नोतों की देखभाल यदि लोग करेंगे तो वे उसे बचाएंगे भी। मशहूर पर्यावरणविद् स्वर्गीय अनुपम मिश्र ने अपनी दो पुस्तकों-'आज भी खरे हैं तालाब' और 'राजस्थान की रजत बूंदों' में पानी की बूंद-बूंद को बचाने के हमारे जिन पारंपरिक तरीकों का उल्लेख किया है उससे हम सभी और सरकारें भी बहुत कुछ सीख सकते हैं। कोरोना महामारी ने हम सभी को एक बार फिर से बता दिया है कि अगर हम प्रकृति की रक्षा करें तो वह भी हमारी रक्षा करती है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-save-greenery-and-water-corona-said-that-if-we-protect-nature-she-also-protects-us-20420597.html



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey